Reg. No. :- JH-11-0004329

अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 14-02-2022 अंक 141

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट, चार घायल, दो रेफर

मारपीट में घायल युवक

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

भंडारो पंचायत के हथगाढा में जमीन विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में शाहरुख खान(17) वर्ष पिता कयूम खान, अजमत खान पिता असगर खान, इलियास खान (40) पिता सागर खान एवं सबाना खातून पिता कयूम खान गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी का प्राथमिक उपचार बरही अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। इसमे गंभीर अवस्था वाले दो लोगो को हज़ारीबाग़ रेफर किया गया। इस बाबत पीड़ित पक्ष ने बरही थाना में आवेदन देकर अयूब खान,इरफान सहित उनके परिवार जनों पर लगाया है।

आज का सुविचार
खामोश रहने का अपना ही मज़ा है!
नींव के पत्थर कभी बोला नहीं करते!
सुप्रभात!


कल से सीखें, आज के लिए जियें,
कल के लिए उम्मीद करें ।
क्योंकि,
आज है जो, वही सच है,
कल जो होगा, वो उम्मीद होगी।
सुप्रभात।
https://www.suvichar.co.in/

सुख
सुबह जैसा होता है।
मांगने पर नहीं जागने
पर मिलता है
सुप्रभात
Good morning
www.SAFALTAKIOR.com

स्व विश्वनाथ मोदी की 11वीं पुण्य तिथि पर विशेष:

महान स्वतंत्रता सेनानी थे स्व विश्वनाथ मोदी, सादगी थी उनकी पहचान, संयुक्त बिहार में तीन बार चूने गए थे विधायक, समाजवादी विचार धारा से थे प्रभावित

आज ही है उनकी 11 वीं पुण्यतिथि, 14 फरवरी 2011 को लिए थे अंतिम सांस, आज भी हैं प्रेरणाश्रोत

अपेम लाइव : कोडरमा
संजय प्रसाद

श्री विश्वनाथ मोदी का जन्म तत्कालीन हजारीबाग जिले की जय नगर थाने के गोदखर ग्राम में एक बहुत ही साधारण परिवार में 1920 के जुलाई महीने की 20 तारीख को हुआ था । इनके पिताजी का नाम श्री होरिल मोदी तथा माता जी का नाम स्व गिरिजा देवी था। ये कुल चार भाई और दो बहनों में मंझला भाई थे। ग्राम कटहाडिह के प्रा. इमरी स्कूल और जयनगर ग्राम के अपर प्राइमरी स्कूल में इन्होंने शिक्षा प्राप्त किया था। मेघावी छात्र होने के कारण इन्हें सरकार से 3 रुपए महीने स्कॉलरशिप भी मिलता था। इन्होंने फरवरी 1935 से गुरुकुल वैद्यनाथ धाम में भी पढ़ाई किया और मेघावी होने के कारण बहुत कम समय में शिक्षकों और विद्यार्थियों का सम्मान अर्जित कर लिया। सन 1943 में गुरुकुल देवघर के एक वार्षिक उत्सव में वाद विवाद प्रतियोगिता कार्यक्रम जिसका विषय था ”क्या विश्व शांति के लिए युद्ध अनिवार्य है?“ में उन्होंने ”युद्ध अनिवार्य है“ के पक्ष में तर्कों के साथ भाषण दिया और सर्वश्रेष्ठ भाषणकर्ता का स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडली में वाराणसी हिंदू विश्वविद्यालय की प्रोफेसर लोग ट ा े ।
1941 की व्यक्तिगत सत्याग्रह आंदोलन में श्री विश्वनाथ मोदी जी को भी सत्याग्रह करने का निर्देश गांधी जी से प्राप्त हुआ था और इन्होंने हजारीबाग जिले में जयनगर थाना में बहुत बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों के सामने सत्याग्रह किया। सन 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान कोडरमा–डोमचाच क्षेत्र में श्री विश्वनाथ मोदी जी का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा । दिनांक 16 अगस्त 1942 को इनके नेतृत्व में कोडरमा रेलवे स्टेशन पर जोरदार संघर्ष हुआ और स्टेशन पर कब्जा कर लिया गया। दिनांक 17 अगस्त को डोमचाच में एक विशाल जुलूस निकाला गया जहां अंग्रेज़ एसपी मिस्टर...रसल पुलिस बल के साथ लाठीचार्ज करने लगे। यहां जनता ने ब्रिटिश पुलिस से मोर्चा ले लिया। इस पर पुलिस की तरफ से जोरदार गोलीबारी हुई जिसमें कई लोग मारे गए और बहुत लोग घायल हुए इनके प्रमुख साथियों में सर्वश्री बढ़न सूँडी, तीर्थ नारायण झा, काशी नाथ पांडे, चंदेश्वर आजाद, बनवारी पांडे, त्रिवेणी प्रसाद वर्मा आदि कई लोग ट ा े ।
सन 1942 के भारत छोड़ो

C8184
स्व० विश्वनाथ मोदी
स्वतंत्रता सेनानी एवं भूतपूर्व विधायक
सन् 1967.69.77
पुण्य तिथि - 14.02.2011

आंदोलन में कोडरमा–डोमचांच के मुख्य नेता श्री विश्वनाथ मोदी को पुलिस ने ढूंढ निकाला और उनकी पत्नी श्रीमती अंबिका देवी के समक्ष तत्कालीन अंग्रेज़ एसपी मिस्टर... रसल और पुलिस इंस्पेक्टर श्री नंदलाल सिंह 10–12 सिपाहियों के साथ श्री विश्वनाथ मोदी पर भयंकर लाठीचार्ज किया और घायलावस्था में ही एक ट्रक पर लदे अन्य मृतकों के साथ फेंकवा दिया। बाद में उन्हें हजारीबाग सेंट्रल जेल में बंद कर दिया गया, जहां इन्हें श्री जयप्रकाश नारायण का सानिध्य प्राप्त हुआ। उन से प्रभावित होकर यह समाजवादी विचारधारा से जुड़ गए। हजारीबाग सेंट्रल जेल में सजा काटने के दौरान उन्होंने अपना मुकदमा खुद लड़ा। जेल से रिहा होने पर श्री विश्वनाथ मोदी, श्री विनोबा भावे द्वारा चलाए गए भूदान आंदोलन में सक्रिय योगदान दिया। बाद में उन्होंने डॉ० राम मनोहर लोहिया के साथ भी मिलकर काम किया। सन 1967 में लोकसभा और विधान सभा का चुनाव एक साथ कराने की घोषणा हुई जिस में कोडरमा विधानसभा चुनाव से श्री विश्वनाथ मोदी ने चुनाव लड़ा और सभी विपक्षी पार्टियों का जमानत जब्त कराते हुए प्रचंड बहुमत से चुनाव जीत गए। 1969 में हुए चुनाव में पुनः अच्छे बहुमत से चुनाव जीत गए। संयुक्त बिहार में गैर कांग्रेसी विधायकों की संख्या कांग्रेस से अधिक थी। बिहार के सर्वमान्य नेता श्री भूपेंद्र नारायण मंडल जो उस समय एम पी थे, केंद्रीय समिति से अधिकृत होकर दिल्ली से पटना आए और विधायकों की बैठक में बताया कि केंद्रीय पार्टी का निर्देश है कि श्री विश्वनाथ मोदी जी के नेतृत्व मे बिहार सरकार का गठन किया जाय। किन्तु कई कारणों से श्री विश्वनाथ मोदी जी ने इसमें अपनी सहमति नहीं दी और श्री कर्पूरी ठाकुर जी के नेतृत्व में बिहार सरकार का गठन हो गया।
सन 1969 में चुनाव के दौरान झुमरी तिलैया में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सभा का कार्यक्रम था। इसी समय समाजवादी नेता मधु लिमए जी का भी कार्यक्रम था। लेकिन मधु लिमए जी किसी कारणवश नहीं आ पाए तो उस विशाल सभा को श्री विश्वनाथ मोदी जी ने ही संबोधित किया और श्रीमती इंदिरा गांधी की सभा इन की सभा के सामने अत्यंत फीकी रही और कांग्रेसी उम्मीदवार को बहुत ही कम मत मिले।

कुछ विशेष जन संघर्षों में योगदान और उपलब्धियाँ

1. सन 1957–58 में कोडरमा वन क्षेत्र में भी ठेकेदारों के खिलाफ किसानों के हक में उन्होंने संघर्ष किया और किसानों को उनका हक दिलाया।
2. कोडरमा में लगभग एक लाख अभ्रक मजदूरों के ऐतिहासिक संघर्ष का उन्होंने नेतृत्व किया और इस क्षेत्र की सबसे बड़ी अभ्रक कंपनी क्रिश्चियन माइका इंडस्ट्रीज लिमिटेड से मजदूरों को हक दिलाया।
3. सन 1972 में झुमरी तिलैया में एक ऐतिहासिक जन संघर्ष किया गया जिसमें उत्तरी बिहार से आकर एक खास जाति के बाहुबली लोगों द्वारा किए जा रहे शोषण को बंद कराया।
4. सन 1975 में प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी द्वारा देश में आपातकाल की घोषणा के दौरान श्री विश्वनाथ मोदी को भी गिरफ्तार कर भागलपुर जेल भेज दिया गया, जहां लगभग डेढ़ वर्ष रहे। इस दौरान इन्होंने एक पुस्तक भी लिखा ”पाँच वर्षो में नया हिंदुस्तान कैसे बने ?“ लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने इस किताब की भूमिका में लिखा कि जो कोई भी नया हिंदुस्तान बनाने का सपना देखता है उन तमाम लोगों के लिए यह पुस्तिका पठनीय है।
5. श्री विश्वनाथ मोदी तीन बार 1967, 1969 एवं 1977 में विधायक चुने गए। तीनों बार उन्होंने संयुक्त बिहार (झारखंड सहित) के विकास के लिए सरकार से जंग छ ` ड . ा ।
6. 1977 में बिहार के मुख्यमंत्री श्री कर्पूरी ठाकुर के समक्ष इन्होंने विकास के लिए समूहिक श्रम पर आधारित अपना कार्यक्रम प्रस्तावित किया कि सरकार घोषित करे कि ’ अगले 5–7 वर्षो में हमको हर खेत को पानी हर गांव को बिजली और सड़क युद्ध स्तर पर काम करके देना है।
’ इस काम के लिए सभी समर्थ लोगों को सप्ताह में 1 दिन बिना मजदूरी लिए देना होगा।

पहला कार्यक्रम इनके कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के डोमचाच में बना। दिनांक 4 मार्च 1978 सुबह 7:00 बजे से ”सामूहिक मिट्टी काटो अभियान“ चला जिसमें हजारों कि संख्या में स्थानीय किसानों और मजदूरों के साथ सरकारी कर्मचारी और बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री कर्पूरी ठाकुर भी शामिल थे। इस अभियान में डोमचाच से मसमोहना जाने वाली कच्चे रास्ते में रोड बनाने के लिए मिट्टी काटने और भरने के काम हुआ। मुख्यमंत्री श्री कर्पूरी ठाकुर दिल्ली से रेल से आकर ठीक 8:00 बजे सुबह पहुंच गए। उन्होंने अपना कुर्ता धोती का फंदा कसा और मिट्टी काटने और अपने सर पर ढोकर फेंकने लगे। श्री कर्पूरी ठाकुर इस माहौल से गदगद थे। उन्होंने अपने भाषण में मोदी जी की बहुत ही प्रशंसा की और कहा कि श्री विश्वनाथ मोदी जी बिहार को नई रोशनी देने का काम कर रहे हैं।
विकास संबंधी अपने कार्यक्रम को उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री मोरारजी देसाई के समक्ष भी पेश किया था जब श्री मोरारजी देसाई उज्जैन में जनता पार्टी के सांसदों और विधायकों का एक शिविर बुलाया था। किंतु इनका कार्यक्रम लागू नहीं हो पाया।

सन 1974 में ही उन्होंने गांव की खेती की जमीन बेचकर झुमरी तिलैया में 10 एकड़ बंजर जमीन खरीदा करीब 15000 पेड़ लगाया जो आज भी लहलहा रहे हैं। इसका निरीक्षण बिहार सरकार के कई मंत्री, कई सांसद, उच्च न्यायालय के कई न्यायाधीश लोगों ने किया है और इनकी बहुत ही प्रशंसा की है।
समाजसेवा और ईमानदारी का भाव इनके भीतर इतना कूट कूट कर भरा हुआ था कि अपने सगे संबंधियों की बात तो दूर अपने बच्चों को भी अपने पद का लाभ कभी नहीं पहुंचाया।
14 फरवरी 2011 को इनके देहावसान के बाद झारखंड राज्य सरकार द्वारा कोडरमा के तत्कालीन उपायुक्त श्री शिवशंकर तिवारी के निदेशन में पूरे राजकीय सम्मान के साथ इनका अंतिम संस्कार किया गया और श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

राष्ट्रीय नायक की तरह इनके कार्यो को देखते हुए इनकी मृत्युपरांत इनके सम्मान में झुमरी तिलैया के एक चौक का नाम विश्वनाथ मोदी चौक रखा गया है तथा इनकी एक प्रतिमा भी राजगढ़िया रोड के पास स्थापित की गई है। यहाँ प्रतिवर्ष 14 फरवरी को एक सार्वजनिक समारोह आयोजित किया जाता है जिससे वर्तमान और भावी पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है।

(लेखकः संजय प्रसाद स्व. विश्वनाथ मोदी के भांजे हैं और वर्तमान में केंद्रीय विद्यालय मेरु, हजारीबाग में स्नातकोत्तर शिक्षक, इतिहास के पद पर कार्यरत हैं। संपर्क न. 7004952473)

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित एडिटरः सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूज़पेपर

रूपेश हत्याकांड के आठ दिन बाद पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे तीन मंत्री एवं तीन विधायक

दोषियों को सजा दिलाने का दिया भरोसा, मंत्री कोटे से एक एक लाख सहयोग की घोषणा

OPPO F19 Pro+ · ©देव कुमार गौतम

पीड़ित परिवार से मिलते मंत्री एवं विधायक गन

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

रूपेश पांडेय हत्याकांड के आठ दिन बाद राज्य सरकार के तीन मंत्री सहित छह सदस्यीय टीम सोमवार को पीड़ित परिवार से मिला और न्याय का भरोसा दिया। छह सदस्यीय टीम में पेयजल स्वच्छता मंत्री मि. थलेश ठाकुर, श्रम एवं नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता ,कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद एवं गिरीडीह विधायक सुदीप्त कुमार सोनू शामिल थे। सभी ने पीड़ित परिवार से अपनी संवेदना प्रकट करते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया। मौके पर तीनों मंत्रियों ने अपने अपने कोटे से एक एक लाख रुपये का सहयोग देने का आश्वासन दिए। वही मौके पर ही बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने 50 हज़ार रुपये की राशि देकर सहयोग किया। हालांकि मृतक की मां ने स्पष्ट तौर पर कहा कि मुझे रुपये नही बल्कि अपने बेटे के लिए न्याय चाहिए। दोषियों की गिरफ्तारी कर उसे फांसी की सजा हो। । वहीं मंत्रियों की टीम को जानकारी देते हुए मृतक के छोटे चाचा अनिल पांडेय ने कहा कि मेरा भतीजा रूपेश एक होनहार लड़का था। माँ सरस्वती के प्रतिमा के विसर्जन के दिन विशेष समुदाय के लोगो ने पीट पीटकर उसकी हत्या कर दी।

आरएसएस के खिलाफ दिए बयान पर विधायक से जताई नाराजगी :

बरही विधायक उमाशंकर अकेला के द्वारा आरएसएस के खिलाफ दिए गए ब्यान पर मृतक के चाचा अनिल पांडेय ने मौके पर ही कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि विधायक जी ने आरएसएस के खिलाफ बयान देकर हमलोगों को हतोत्साहित किया है। साथ ही रविवार को हजारीबाग एसपी द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिए गए ब्यान पर कहा कि जब रूपेश का शव सड़क पर रख कर जब जाम किया गया था, तब हज़ारीबाग़ डीसी एवं एसपी ने आश्वासन दिया था कि मोबलिनचिंग के तहत केश दर्ज करते हुए कार्यवाई की जाएगी । लेकिन रविवार को एक प्रेस क०न्फ्रेंस के दौरान उन्होंने ब्यान दिया कि यह मोबलिनचिंग का कोई मामला नहीं है । जिसको लेकर पीड़ित परिवार ने कड़ी प्रतिक्रिया जताया है। वहीं मंत्री मि. थलेश ठाकुर ने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि रूपेश पांडेय के हत्या में जितने भी लोग शामिल है उन सभी को सजा अवश्य मिलेगी। मौके पर हज़ारीबाग़ उपायुक्त आदित्य आनंद, एस पी मनोज रतन चौथे हज़ारीबाग काँग्रेस जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह, झामुमो नेता बिनोद विश्वकर्मा, गिरहिडीह विधायक सुदीप कुमार सोनु, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, बरही एसडीओ पूनम कुजूर, बरही एसडीपीओ नाजीर अख्तर, बड़कागांव एसडीपीओ अमित कुमार सिंह, विष्णुगढ़ एसडीपीओ, बरही थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह, सर्किल इंसेक्टर रोहित कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष ड० निजामउद्दीन अंसारी, बरही विधानसभा विधायक प्रतिनिधि बिनोद यादव, जिला महासचिव अब्दुल मनान वारसी, प्रखंड अध्यक्ष इकबाल रजा, ओबीसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सुनील साहू, कार्यलय प्रभारी नरेश सिंह, मो नबाब अली, मनोज कुमार, टिंकू केशरी, दीपक गुप्ता, अजय र०य, संजय पासवान, धीरज कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

रूपेश पांडेय के हत्यारों को फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से सजा मिले : मनोज कुमार यादव

भाजपा के दबाब के बाद आठ दिन बाद खुली सरकार की नींद,

मनोज कुमार यादव

रूपेश पांडेय की हत्या के बाद मात्र 5 लोगों की गिरफ्तारी कर शेष पर अब तक किसी तरह की कार्रवाई नही कर मामले को दबाने का प्रयास सरकार कर रही है। जबकि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के लगातार यह प्रयास रहा है कि रूपेश पांडेय हत्यारों के 27 नामजाद अभियुक्तों को सजा मिले तथा पीड़ित परिवार के निकटतम व्यक्ति (माता-पिता) को सरकारी न०करी व मुआवजा मिले। भाजपा नेताओं के नामजाद अभियुक्तों गिरफ्तारी को लेकर लगतार प्रयास को मिल रहे जनसमर्थन के कारण राज्य सरकार पर भारी दबाब के कारण घटना के 8 दिन बाद सरकार कि नींद खुली और सरकार के मंत्रियों का आगमन हुआ और पीड़ित परिवार को राज्य के मुख्यमंत्री से मिलाने का आश्वासन मिला। उक्त बातें बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने प्रेस बयान जारी कर कही। उन्होंने उमीद जताया कि सरकार की नींद खुलने के बाद अब 27 नामजाद अभियुक्तों को सजा मिलेगा तथा पीड़ित परिवार को सरकारी न०करी व मुआवजा मिलेगा ,ऐसा न हो कि मंत्रियों का आगमन एवं पीड़ित परिवार को मिला आश्वासन मात्र दिखावा बन कर न रह जाय।पूर्व विधायक ने कहा कि सभी 27 नामजद अभियुक्तों के खिलाफ फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से सजा दिलाने का काम सरकार करे। उन्होंने जोर देकर कहा कि पुलिस प्रशासन पीड़ित परिवार पर ध्यान नही देकर निर्दोष लोग जो पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने में आगे आ रहे है। उन्हें टारगेट कर झूठी केश में फंसाने का काम कर रही है। ताकि पीड़ित परिवार को न्याय नही मिल सके। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि जो दोषी हो उन पर कार्रवाई हो, लेकिन जो लोग प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं, उनपर झूठा केश करना सही नही है। इससे असंतोष फैलेगा। पुलिस प्रशासन सरकार के दबाब में काम करना छोड़ दें। ताकि आम जनता का भरोसा प्रशासन पर बना रहे।

शोकाकुल परिवार से मिले अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के लोग, इंसाफ की मांग

मृतक की ओर से निशुल्क केश लड़ने का घोषणा, आर्थिक सहयोग भी किया

पीड़ित परिवार से मिलते अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के लोग,

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुनिल कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में ब्राह्मण समाज के लोग बरही प्रखण्ड अंतर्गत स्व. रुपेश पाण्डेय के पैतृक निवास स्थान नाईटांड़ पहुँचे । जहाँ पर स्व.रूपेश पाण्डेय की आत्मा शांति हेतु एक मिनट का मौन धारण किया गया । मौन के बाद सुनिल पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि समाज ने एक युवा व होनहार बालक खो दिया है , इस घटना की जितनी भी निंदा की जाए कम है । साथ ही पुलिस प्रशासन से अनुरोध है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों पर कानूनी कार्यवाही करे , कोई भी दोषी बचे नही और निर्दोष फसे नही इस का ध्यान प्रशासन रखे । समाज के वरिष्ठ अधिवक्ता आत्मानंद पाण्डेय व आदित्य पाण्डेय ने घोषणा किया कि हमारे द्वारा रुपेश पाण्डेय का केश निःशुल्क लड़ा जाएगा । साथ ही अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के द्वारा 8500 की नगद राशि का सहयोग किया गया आगे भी संगठन के द्वारा तन , मन धन से हर संभव मदद किया जाएगा । मौके पर प्रदेश प्रभारी देवचरण पाण्डेय ,प्रदेश महासचिव बिरेन्द्र शास्त्री , प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्णदेव पाण्डेय , प्रदेश सचिव गंगाधर शास्त्री , प्रदेश सचिव सूरज पाठक ,प्रदेश सचिव सुमन पाण्डेय, प्रदेश संगठन मंत्री अमोद पाण्डेय , प्रदेश संगठन मंत्री प्रदीप पाण्डेय ,प्रदेश प्रवक्ता आचार्य पुरेन्द्र पाण्डेय , प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ प्रो.ओमकारनाथ शर्मा , प्रदेश संगठन मंत्री युवा आ. ेमप्रकाश पाण्डेय , हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष मास्टर झब्बू , कोडरमा जिला अध्यक्ष महेन्द्र पाण्डेय , चतरा जिला अध्यक्ष सतीश पाण्डेय , जमशेदपुर जिला अध्यक्ष कमलेश उपाध्यक्ष ,युवा जिला अध्यक्ष हज़ारीबाग विकाश पाण्डेय ,बरही प्रखण्ड अध्यक्ष सोनू पाण्डेय ,प्रवेश पाण्डेय , पवन जिगर पाण्डेय , रौशन पाण्डेय , अनिल पाण्डेय ,कुंदन पाण्डेय ,डोमन पाण्डेय ,विपिन पाण्डेय , अनुज पाण्डेय ,मनोज शुक्ला , नीलकमल पाण्डेय , राजू पाण्डेय , अभिजीत पाण्डेय आदि सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित हुए ।

चौपारण के युवा छात्र नेता धीरज प्रजापति को बनाया गया अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रदेश के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य

अपेम लाइव : चौपारण

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड का प्रदेश अधिवेशन 12-13 फरवरी को बोकरो मे आयोजित किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन है। राष्ट्रहित तथा छात्रहित ही इस संगठन का उपदेश है। इस संगठन में जुडे युवाओ का नेतृत्व क्षमता काफी शानदार रहता है इसी का परिणाम है कि भारत के कई केन्द्रीय मंत्री इसी संगठन से जुड़े है। झारखंड प्रदेश अधिवेशन मे झारखंड प्रदेश टीम का घोषणा किया गया जिसमें चौपारण के छात्र नेता धीरज प्रजापति को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। प्रदेश टीम मे जगह देने के लिए धीरज प्रजापति ने राष्ट्रीय तथा प्रदेश के पदाधिक. ारियों का आभार प्रकट किए तथा कहे कि संगठन के कार्यो को आगे बढाना ही हमारा लक्ष्य है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाए जाने पर हजारीबाग बरही चौपारण बरकट्ठा के कई युवाओ ने बधाई दिए।

शिव शम्भु सिंह लाइन होटल का हुआ उद्घाटन

अपेम लाइव : चौपारण

चौपारण दनुआ में शिव शम्भु सिंह लाइन होटल एवं रेस्टूरेंट का उद्घाटन हुआ. होटल में शादी एवं पार्टी के लिए विशेष व्यवस्था की गयी है। होटल के मुख्य संचालक उमेश प्रसाद सिंह ने फीता काटकर होटल का शुभारंभ किया। संचालक राकेश सिंह ने बताया की इस क्षेत्र में सभी सुविधाओं से लैस एक बेहतर होटल एवं रेस्टूरेंट की ज़रूरत थी जिसे हमने पूरा करने का प्रयास किया है। यहाँ पर सिर्फ़ लाइन होटल नहीं बल्कि रेस्टूरेंट की भी सुविधा मिलेगी. उद्घाटन समारोह में बिहार – झारखंड के कई गणमान्य अतिथि पहुँचे. इस दौरान सभी ने होटल और उसकी सुविधाओं की प्रशंसा की। पूजा का कार्यक्रम रामचंद्र पांडेय ने सम्पन्न कराया। मौके पर उद्घाटन में बरही धमना के युवा साथी दल के साथियों ने भी शिरकत की.

सच का साथी

अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

कान्हाचट्टी सहित चतरा जिले में चोरी के कोयला से लगाई जा रही है ईंट भट्ठा

प्रतिदिन टन्डवा और पिपरवार से मोटर साइकिल से पच्चस क्विंटल बंगला भट्टे दार ले रहे हैं कोयला

पेम लाइव : कान्हाचट्टी
प्रमोद सिंह

कान्हाचट्टी : कान्हाचट्टी प्रखण्ड सहित जिले के कई ऐसे ऐसे प्रखण्ड हैं जहां पर बंगला इंटा के ब्यवसाई सरकार को लाखों नहीं करोड़ो रूपये की चुना प्रति वर्ष लगा रहे हैं।कान्हाचट्टी प्रखण्ड सहित जिले के लगभग प्रखंडो में बंगला इंटा का ब्यवसाई चल रहा है।जिसमे जो वर्तमान में कोयला भट्ठा लगाने के लिए उपयोग किया जा रहा है।वह किसी डिपो या खदान से नहीं बल्कि चोरी के कोयला से भट्ठा में कोयला उपयोग हो रहा है।कान्हाचट्टी,इटखोरी,मयूरहैंड ,चतरा सदर एवं गिधौर पथलगड्डा आदि प्रखंडो में टन्डवा और पिपरवार से चोरी की कोयला से बंगला इंटा के ब्यवसाई चल रहा हैं।बताते चलें कि कान्हाचट्टी प्रखण्ड सहित इन प्रखंडो में कोयला मोटर साइकिल से आता है और इंटा के ब्यवसाई को बेचा जा रहा है।एक दिन में दस से पन्द्रह मोटर साइकिल से लोग कोयला लेकर आते हैं।एक मोटर साइकिल में तीन से चार क्विंटल कोयला आता है अर्थात कुल मिला कर एक दिन में एक भठ्ठा पर चालीस से पचास क्विंटल प्रतिदिन बंगला भठ्ठा पर कोयला गिराया जा रहा है।जो कोयला इस तरह से मोटर साइकिल से आता है उसका कोई पेपर और चालान नहीं रहता है।जिससे सरकार को लाखों नहीं करोड़ो की चुना लगाया जा रहा है।अर्थात बंगला इंटा के भठ्ठेदार और कोयला चोर मालामाल और सरकार कंगाल हो रही है। जानकारी के मुताबिक पहले जो इंटा ब्यवसाई कोयला लेते थे उसका पेपर और चालान रहता था जिससे सरकार को राजस्व की अच्छी लाभ होता था।

चारु पंचायत के 54 बृद्ध एवं बिधवाओ के बीच पेंशन की मिली स्वीकृति

शिविर लगाकर लाभुकों दिया गया स्वीकृति पत्र पेंशन के लिए किसी को न दें पैसा : बी डी ओ

अपेम लाइव : कान्हाचट्टी
प्रमोद सिंह

कान्हाचट्टी : सोमवार को चारु पंचायत में शिविर लगाकर 54 बृद्ध और बिधवाओ के बीच पेंशन के स्वीकृति के बाद स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया।शिविर में बतौर मुख्य अतिथि बी डी ओ हुकास महतो ने अपने हांथो से लाभुकों को स्वीकृति पत्र लाभुकों के बीच वितरण किये।बी डी ओ श्री महतो ने कहा कि उपायुक्त अंजली यादव के दिशा निर्देश पर सभी पंचायत के योग्य बृद्ध एवं बिधवाओ का पेंशन स्वीकृत कर शिविर लगाकर प्रत्येक पंचायत में पेंशन की स्वीकृति दी जा रही है।यह सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आए आवेदनों को अंचल और प्रखण्ड निष्पादन करते हुए शत प्रतिशत पेंशन करने की दिशा में काम किया जा रहा है।उन्होंने लाभुकों से कहा कि पेंशन में कोई खर्च कहीं नहीं लगता है और यदि पेंशन के नाम पर कोई पैसे की मांग करता है तो नहीं दें और इसकी सूचना प्रखण्ड अंचल को दें।पेंशन के नाम पर ठगी करने वालो पर प्रखण्ड प्रशासान कार्रवाई करेगी।मौके पर अंचल निरीक्षक अभय रंजन,बड़ा बाबु जय प्रकाश शर्मा,मुखिया प्रतिनिधि रा. जेन्द्र राम,रामदेव मिस्त्री सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

बड़ा बाजार यूथ विंग के द्वारा पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों की तीसरी वर्षी पर स्मारक स्थल पहुंच कर दी गई श्रद्धांजलि

कार्यक्रम में झारखंड सरकार के कृषि मंत्री सहित कई समाजसेवी गण हुए उपस्थित

अपेम लाइवः हजारीबाग
अमरजीत सिंह

हजारीबाग परिसदन स्थित शहीद स्मारक स्थल में कश्मीर के पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों की तीसरी वर्सी पर उनकी शहादत को नमन कार्यक्रम को लेकर दिन सोमवार को हजारीबाग के बड़ा बाजार यूथ विंग के द्वारा बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया कार्यक्रम मे अतिथि के रुप में झारखंड सरकार के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख शामिल हुए। जिसमें लोगों ने स्थल में स्थित स्मारक पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्पण कर पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को नमन किया एवं देश के प्रति उनकी इस बलिदान को भी याद किया।

कार्यक्रम को विशेष सफल बनाने मेंरू- विशाल खंडेलवाल, अमर विनायका, रितेश खण्डेलवाल,करण आनंद,अमित सोनी,आकाश सिन्हा अतिशय जैन का अहम सहयोग रहा।

उक्त अवसर पर झारखंड सरकार के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा पुलवामे हमले में शहीद हुए जवानों की घटना कभी भुलाया नही जा सकता है और ना ही मिटाया जा सकता है। इस कायराने हमले से ना जाने कितने परिवारें के सुहाग, कलाई में राखी बंधने के लिए भाई छीन गए साथ माता - पिता का जीने के सहरा से वंचित हो गए। उन्होंने कहा की उनके शहादत के नमन में बलिदान दिवस मनना काफी अच्छी पहल है जिससे उनके बलिदान की इस शहादत को याद किया जा सकता है। मौके पर बड़ा बाजार यूथ विंग के विशाल खण्डेलवाल ने कहा पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने आज ही के दिन कश्मीर के पुलवामे हमले में हमारे 44 जवान शहीद हुए थे। पाकिस्तान के इस कायराना हमले से ना केवल भारत ही दुख के समंदर में डुबा बल्कि संपूर्ण विश्व इस घटना से शोक संवेदनाओं से महर्मत हो उठा। उन्होंने कहा इस आत्मघाती हमलावर पर भले ही बाद जवाब दिया गया लेकिन जब भी इस घटना का उजागर होता है तो हमारे मनो मस्तिष्क को झकझोर देता है साथ ही वह जख्म हमारे मन में ताजा हो जातें है। उन्होंने अंतिम कहा हमारे वीर जवानों की इस शहादत को मेरा शत् शत् नमन एवं उनके इस देश सेवा के प्रति इस आहुति को भी मेरा कोटि कोटि सलाम।

पुलवामा हमले को लेकर एसएस पब्लिक स्कूल चुरचू में शोक सभा का आयोजन

YASH COMPUTER TECHNOLOGY

अपेम लाइव : बडकागॉव
अमित मालाकार

14 फरवरी 2019 को जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय रा. जमार्ग पर भारतीय सुरक्षा कर्मियों को ले जाने वाले सीआरपीएफ के वाहनों के काफिले पर आत्मघाती हमला में शहीद हुए जवानों को लेकर एसएस पब्लिक स्कूल चुरचू में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। आत्मघाती हमले में 44 सीआरपीएफ के जवान शहीद हो गए थे। शहीद जवानों की याद में 2 मिनट मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आत्मघाती हमले में मारे गए जवानों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। मौके पर उपस्थित निदेशक दुलारचंद गुप्ता एवं रितेश ठाकुर ने बताया कि देश के आंतरिक भागो में शांति व्यवस्था कायम रखने में सीआरपीएफ के जवानों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। देश के लिए शहीद वीर जवानों की शहादत को भुलाया नहीं जा सकता है। शोक सभा में मुख्य रूप से निदेशक दुलारचंद गुप्ता, प्रधानाध्यापक संतोष नारायण तिवारी, रितेश कुमार ठाकुर, रंजन दास, प्रमोद कुमार, कुतुब अंसारी, खुशबू कुमारी मो. हम्मद सद्दाम, तमन्ना परवीन और पप्पू यादव के अलावा सैकड़ों बच्चे उप. स्थित थे।

ध्वजारोहण में शामिल हुए जिला परिषद सदस्य बसंत मेहता

अपेम लाइवः पदमा
सुमन राज मेहता

पदमा प्रखंड के अंतर्गत बिहारी पंचायत के बिहारी गांव में यज्ञ के लिए दिंका 14.2.2022 को आचार्य वीरेंद्र कुमार पांडे तथा उप आचार्य पवन पांडे के द्वारा विधि विधान से मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर शिव मंदिर के लिए । भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। महिलाएं ,पुरुष ओर बच्यों में भक्ति के मंगण में रहे। गाजे-बाजे के साथ पूरे गांव में जुलूस को निकाला गया। पुणे मंदिर प्रांगण में ध्वजा को स्थापित किया गया। पूजा समिति के अध्यक्ष शाह बीजेपी मंडल के अध्यक्ष बाबूलाल मेहता, सचिव गो. विंद मेहता, कोषा अध्यक्ष राज कुमार मेहता, बिहारी पंचायत के मुखिया सहदेव प्रसाद मेहता, पूर्व प्रमुख राजेंद्र प्रसाद मेहता नरेश कुमार महतो, संजय कुमार, धीरेंद्र कुमार, मुनीलाल मेहता, सौरव राज मेहता, एवं युवा क्लब बिहारी के सदस्य पूजा में शामिल हुए।

हिंदू नव युवक संघ बड़कागांव ने रूपेश पाण्डे हत्याकांड को लेकर रैली निकाली

हिन्दू नव युवक संघ बड़कागांव
रूपेश पाण्डेय
हत्यारो को फांसी दो।

अपेम लाइव : बडकागॉव
अमित मालाकार

प्रखंड में सोमवार की संध्या हिंदू नव युवक संघ बड़कागांव के द्वारा 17 वर्षीय रुपेश पांडे का बरही थाना अंतर्गत मूर्ति विसर्जन के दौरान हत्या के खिलाफ महिला एवं पुरुषों ने मिलकर रैली निकाली। दोषियों को फांसी देने की मांग करते हुए रैली का आयोजन बड़कागांव काली मंदिर से लेकर मुख्य चौक होते हुए निकाली गई। लोगों ने रैली के माध्यम से पुलिस प्रशासन से सभी आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ कर सजा दिलाने की मांग की गई है।

सच का साथी
अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

बीएम मेमोरियल स्कूल में पुलवामा हमला में शहीद हुए जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

अपेम लाइव : बडकागॉव
अमित मालाकार

हजारीबाग रोड स्थित अंग्रेजी माध्यम से संचालित बीएम मेमोरियल स्कूल में पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को लेकर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य कैलाश कुमार ने किया। शिक्षकों एवं बच्चों ने 2 मिनट का मौन रख शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दिया। मौके पर विद्यालय के उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा ने बताया आज के ही दिन 14 फरवरी 2019 को जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारतीय सुरक्षाकर्मियों को ले जाने वाले सीआरपीएफ के वाहनों के काफिले पर आत्मघाती हमला किया गया था। जिसमें 44 भारतीय सुरक्षाकर्मियों की जान चली गई थी। आगे उन्होंने बताया कि हमारे देश के बहादुर सैनिकों को धोखे के साथ मारा गया वरना हमारे देश के सैनिक काफी बहादुर हैं जिनके बदौलत आज हम सुरक्षित हैं । मौके पर विद्यालय के उप. निदेशक पिंटू कुशवाहा, प्राचार्य कैलाश कुमार, उप प्राचार्य पूनम कुमारी,वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह चौहान,आमीन अंसारी, विनोद नायक ,सोनू कुमार ,संदीप शर्मा ,अंजू कुमारी, एरिका टोप्पो ,एलिस टोपो, मनीषा कुमारी, रश्मि बेदिया, विकास कुमार, आंचल कुमारी, शाहिद सैकड़ों छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

स्वस्थ शरीर में स्वस्थ दिमाग का वास होता है : एम.वी.आर रेड्डी

अपेम लाइव : बडकागॉव
अमित मालाकार

एनटीपीसी सीकरी साइड कार्यालय खेल मैदान में एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के तत्वाधान में अंतर–विभागीय टेनिस–बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में ईडी–XI और जीएम–XI के बीच मैच खेला गया।टीम ईडी इलेवन का नेतृत्व एनटीपीसी कार्यकारी निदेशक एम.वी.आर रेड्डी, एवं टीम जीएम इलेवन का नेतृत्व परियोजना महाप्रबंधक नीरज जलोटा ने किया। ईडी एमबीआर रेडी की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता पर कब्जा जमाया। टीम ईडी–ग्प के खिलाड़ी पवन कुमार पंवर और टीम जीएम–XI के खिलाड़ी नीरज कुमार झा ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। पंवर को मैन ऑफ द मैच और सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज की ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। जबकि झा को उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर रेड्डी ने कहा, ष्स्वस्थ शरीर में स्वस्थ दिमाग होता है । एनटीपीसी पीबीसीएमपी स्पोर्ट्स काउंसिल ने खेल का आयोजन करके कार्य जीवन संतुलन और फिटनेस को प्रोत्साहित करने के लिए एक सराहनीय कदम उठाया है।पुरस्कार वितरण पकरी बरवाडीह कोल माइन्स परियोजना महाप्रबंधक नीरज जलोटा, संजय कुमार सेठ महाप्रबंधक बादाम, के. चंद्रशेखर, महाप्रबंधक (एमई), विश्वजीत चक्रवर्ती अपरमहाप्रबंधक (खनन) की उपस्थिति में किया गया।

अभाविप ने पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी

अपेम लाइव : हजारीबाग
अमरजीत सिंह

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हजारीबाग के द्वारा जम्मू कश्मीर के पुलवामा हमले में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दिया गया. शहीद हुए वीर सपूतों को श्रद्धांजलि और पुष्प अर्पित कर किया गया, नगर मंत्री मंदीप यादव ने कहा कश्मीर के पुलवामा में आत्मघाती हमले में शहीद सीआरपीएफ के जवानों ने देश के लिए बलिदान दिया था. पुलवामा हमले की तीसरी बरसी पर इन शहीदों को नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पण है. शहीद हुए जवान को देश हमेशा याद करते रहेगा, आज पूरा देश उनके याद में श्रद्धांजलि दिवस मना रहा है। मौके पर प्रदेश सह मंत्री नवलेश सिंह, प्रदेश जनजातीय कार्य सह प्रमुख मिलन मुंडा,जिला सह संयोजक सोनू राय, नगर मंत्री मनदीप यादव,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राज प्रिंस गुप्ता, नगर सह मंत्री प्रभात कुमार, नगर सोशल मीडिया प्रमुख अभिषेक कुमार, आदित्य यादव, विकास कुमार, मनीष चौधरी ,, शेखर कुमार, कुंदन मेहता, विक्की कुशवाहा, साहिल कुमार, शंकर यादव, संदीप कुमार, संजीत वर्मा, संजय राणा ,राहुल यादव, विवान गोप, प्रियांशु कुमार,विशु नायक, गोविंद यादव, चीकू मेहता,प्रिंस गुप्ता, विकाश यादव,रोहित कुमार,सूरज कुमार, अविनाश कुमार,शिवा, अभिमन्यु, करण मेहता, सत्यम कुमार आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे

भाजपा नेता बिरजू तिवारी ने कपड़ा दुकान का किया उद्घाटन

बेरोजगारी दूर करने का सबसे बेहतर तरीका है ब्यवसाई : बिरजू

अपेम लाइव : कान्हाचट्टी
प्रमोद सिंह

कान्हाचट्टी : प्रखंड के राजपुर बाजार में एसबीआई के पास के मार्ट श०प का उद्घाटन सोमवार को भाजपा नेता सह दिशा सदस्य बिरजू तिवारी ने विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया।इस मौके पर भाजपा नेता श्री तिवारी ने कहा कि राजपुर जैसे क्षेत्र में दुकान खोलकर प्रखंड के लोगो के लिए रेडीमेड कपड़ा उपलब्ध किया है यह अच्छा पहल है।इस तरह का व्यवसायिक प्रतिष्ठान इस क्षेत्र में खुलने से लोगों को काफी सुविधा एवं सहूलियत होगी वही दुकान के संचालक रूपेश केशरी ने बताया कि हमारे यहां सभी तरह के रेडीमेड कपड़ा की व्यवस्था है ग्राहकों को उचित मूल्य पर खरीदारी करने का अवसर प्राप्त होगा श्री तिवारी ने कहा कि बेरोजगारी को दूर करने का सबसे सही तरीका ब्यवसाय है। यहां सभी तरह के रेडीमेड ब्रांडेड कपड़ा भी उपलब्ध है जो हमने अच्छी क्वालिटी के साथ ग्राहकों सुविधा देने का प्रयास किया है इस मौके पर व्यवसाई बैजू प्रसाद केशरी,मधुसूदन प्रसाद केशरी,रोहित कुमार,चंदन केशरी, छोटू गुप्ता,प्रिंस केशरी,प्रकाश राम, विकाश कुमार,राजेंद्र दांगी, घनु दांगी,प्रकाश यादव, डॉ बी प्रसाद,डॉ अरुण दा,पवन कुमार,कमांडो रजक, इत्यादि मौजूद थे ।

प्रखण्ड में लगा धारा 144,एक साथ पांच ब्यक्तियों पर कार्रवाई पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

अपेम लाइवः चौपारण
किशेर राणा

रूपेश हत्याकांड के बाद बरही अनुमंडल में लगातार शांति ब्यवस्था कायम करने को लेकर प्रशासन मुस्तैद है। क्षेत्र में एक तरफ जहां रूपेश के न्याय के लिए लोगों द्वारा प्रदर्शन किया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ प्रशासन भी मुस्तैदी से मामला को शांत करने का प्रयास कर रही है। रविवार को बरही में उत्पन्न तनाव व सड़क जाम के बाद प्रशासन और सक्रिय हो गई है । एसडीओ पुनम कुजुर के द्वारा रविवार को जहां बरही में धारा 144 लगा दिया था। वहीं सोमवार को चौपारण प्रखण्ड में भी धारा 144 लगा दिया गया। इसे लेकर बीडीओ सह प्रभारी सीओ प्रेमचन्द सिन्हा , थाना प्रभारी स्वपन्न कुमार महतो के नेतृत्व में क्षेत्र में घूम घूम कर धारा 144 लगने की सूचना दी गई। सोमवार को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने फ्लैग मार्च निकाला तथा ध्वनि विस्तारक यंत्र से प्रचार प्रसार किया। झारखंड सरकार के कोविड रोकथाम हेतु निर्गत दिशा–निर्देशों के आलोक में सभी प्रकार के जुलुस प्रतिबंधित रहेंगे तथा सभी प्रकार के मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन प्रतिबंधित रहेगी। प्राप्त सूचना के अनुसार कतिपय मांगों को लेकर विभिन्न संगठनों, दलों के द्वारा धरना प्रदर्शन एवं जुलुस निकाले जाने की प्रबल संभावना है। इन संगठनों तथा दलों के बीच मतैक्य नहीं होने के कारण आपसी विवाद तथा टकराव की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता, जिस कारण से चौपारण क्षेत्र में लोकशांति भंग होने की प्रबल संभावना है। उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में अनुमंडल दण्डाधिकारी बरही द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 धारा 144 अंतर्गत निषेधाज्ञा संपूर्ण बरही अनुमंडल में लगाया गया है। बरही अनुमंडल क्षेत्र में निषेधाज्ञा क्षेत्र में विधि–व्यवस्था, शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु किसी भी व्यक्ति को अपने अनुज्ञप्ति प्राप्त शास्त्र को लेकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने एवं प्रदर्शित करने पर रोक लगायी गयी है। निषेधाज्ञा क्षेत्र के अंतर्गत चार या चार से अधिक व्यक्तियों के एक साथ एकत्रित होने, लाठी, भाला, पारंपरिक अस्त्र–शस्त्र के साथ एकत्रित होने पर रोक लगायी जाती है। बिना अनुमति के जुलुस, धरना, प्रदर्शन, सड़क जाम करने इत्यादि पर रोक लगायी गयी है। सक्षम पदाधिकारी के अनुमति के बिना ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। किसी भी धर्म, जाति, व्यक्ति विशेष पर धार्मिक टिप्पणी एवं धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले पोस्ट, किसी भी सोशल मीडिया जैसे फेसबुक ट्विटर, इंस्टाग्राम, व्हाटसअप आदि के विरुध प्रतिबंध लगाया गया है। जबकि यह आदेश कार्य अवधि के दौरान सरकारी कर्मियों, पदाधिकारियों पर लागू नहीं होगा तथा कार्यरत पुलिस बल, अर्द्धसैनिक बल एवं बैंक गार्डों द्वारा शस्त्र लेकर चलाने पर प्रभावी नहीं होगा। साथ ही दाह संस्कार, वैवाहिक समारोह, धार्मिक समारोह पर यह आदेश शिथिल रहेगा तथा शिक्षण संस्थान, अस्पताल, बस पड़ाव में प्रतिक्षारत यात्री अथवा बस में सवार यात्री पर निषेधाज्ञा प्रभावी नहीं होगा। यह आदेश दिनांक 14 फरवरी 2022 के पूर्वाह्न आठ बजे से अगले आदेश तक बरही अनुमंडल क्षेत्र में लागू रहेगा।

सच का साथी
अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

मद्यगोपली में होगा शिव मंदिर का निर्माण - बालदेव साव

अपेम लाइवः चौपारण
किशोर राणा

चौपारण प्रखंड अंतर्गत जवनपुर पंचायत के ग्राम मद्यगोपाली में एक शिव मंदिर बनाने हेतु आज भूमि पूजन की गई,बताते चले की एक साल पूर्व बहुत बड़ी लागत से एक भव्य मंदिर का निर्माण सबके सहयोग से किया गया है जिसकी प्राण प्रतिष्ठा पिछले साल किया गया पुनरूदूसरे मंदिर की आधारशिला रखना कही न कही लोगो को भक्ति के प्रति अगाध प्रेम और विश्वास दर्शाता है मौके पर सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव ने कहा कि मद्यगोपाली की जनता काफी जागरूक है धर्म के प्रति अगाध प्रेम और श्रद्धा है इसलिए इतना विशाल और सुंदर देवी मंदिर,शनि मंदिर के बाद तुरंत शिवमन्दिर बनाने का लिए भूमिपूजन किया गया है,सबके सहयोग से मंदिर निर्माण का कार्य पूरा होगा, लोगो की उत्सुकता से ऐसा प्रतीत होता है,ग्राम माद्यगोपाली के लोग धर्म के प्रति काफी जागरूक है,भूमि पूजन के मौके पर युवा विकास केंद्र मद्यगोपाली के अध्यक्ष बालदेव साव ,मोहन साव,नारायण साव, भरत सिंह,सीताराम साहु,विनय कुमार,युगल साव,भुनेश्वर प्रजापति,पोखन साव,कामदेव साव , कारू साव,ज्ञानी साव,राजेश कुमार,बलराम यादव,गणेश साव,विजय साव,सनी कुमार,अजय कुमार, सिया राम कुमार भारती सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे,

शिव परिवार का हुआ प्राण प्रतिष्ठा , विशेष पूजा का आयोजन नर्मदा नदी से लाया गया विशेष शिव लिंग

अपेम लाइवः चौपारण
किशोर राणा

बिगहा बाजार स्थित राजागढ हनुमत मंदिर में आयोजित श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ सह श्री हनुमंत द्वितीय वार्षिक महोत्सव के सातवें दिन वैदिक मंत्रोच्चारों तथा जयकारों के बीच महंत फलाहारी बाबा के निर्देशन में काशी से आये धर्माचार्य ड० चक्रपाणि महाराज तथा उनके सहयोगियों ने सोमवार को भगवान शिव तथा उनके परिवार के सदस्यों माता पार्वती, गणेश, कार्तिक तथा नंदी को नव निर्मित मंदिर परिसर में प्राण प्रतिष्ठा कराया। साथ ही पांच फुट के त्रिशूल के साथ एक क्विंटल पांच किलो की बडी घंटी लगाई गई। पवित्र शिवलिंग नर्मदा नदी , मध्यप्रदेश से मंगाया गया था। महंत फलाहारी बाबा के परम भक्त आनंद चंद्रवंशी तथा अन्य सहयोगियों के प्रयास से बेहद आकर्षक मंदिर तथा भव्य आयोजन जारी है। आयोजन में महंत फलाहारी बाबा के निर्देशन में ड० चक्रपाणि, तारापीठ के खडेश्वरी बाबा, ध्वजाधारी धाम के तुफानी बाबा, बाल मुकुंद पांडेय आदि विशेष अनुष्ठान में जुटे हैं। इस्कॉन के गुरुकुल वेदांता गुरुकुल के संस्थापक ड० केशवानंद दास का मानस प्रवचन जारी है। यज्ञ के आयोजन में दर्जनों युवा दिन रात कार्यरत हैं।

संतुरपी सड़क हादसे की छठी बरसी को लेकर श्रद्धांजलि सभा

अपेम लाइवः विष्णुगढ
मिथलेश गोल्डी

संतुरपी सड़क हादसे को लेकर प्रतिमा पर श्र)ासुमन अर्पित करते पूर्व विधायक

गैड़ा के संतुरपी सड़क हादसे की छठी बरसी सोमवार को मनाई गई। इसे लेकर संतुरपी चौक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। बगोदर विधायक बिनोद कुमार सिंह, पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो, झामुमो जिलाध्यक्ष शंभुलाल यादव, जिप सदस्य यशोदा देवी समेत कई गणमान्य लोगों ने संतुरपी चौक पर स्थापित प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके पूर्व दो मिनट का मौन रखकर हादसे में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। मौके पर विधायक ने कहा कि 14 फरवरी 2016 पूरे इलाके के लिए काला दिन साबित हुआ था। सड़क हादसे में मारे गए सभी 12 लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना आज भी है। परिजनों के दुःख को कम तो नहीं किया जा सकता, पर ईश्वर से कामना है कि उन्हें असीम सहनशक्ति दें। पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो ने भी पीड़ित परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। कहा कि उस भयानक मंजर को भुलाए नहीं भुल सकता। हादसे में मारे गए लोगों को ईश्वर अपने चरणों में स्थान दें। अन्य वक्ताओं ने भी श्रद्धांजलि सभा को संबोधित किया। बता दें कि 14 फरवरी 2016 को जीटी रोड़ संतुरपी में सरस्वती पूजा के प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक तेज रफ्तार कंटेनर अनियंत्रित होकर जुलूस में शामिल एक दर्जन लोगों को कुचल कर मार डाला था। हादसे में सुखदेव पंडित, संजय बरनवाल, राम प्रसाद बरनवाल आदि की मौत हो गई थी। मौके पर सुधीर सिंह, अर्जुन पासवान, छोटेलाल यादव, गिरजा साव, राजू सिंह, दीपू मंडल, शंकर पटेल, विजय रवानी, प्रेम पंडित, शंभु शर्मा, चीकू, दीपक राणा, अशोक सोनी, जितेन्द्र पटेल समेत कई लोग मौजूद थे।

"
नारी शक्ति ही परिवार
और समृद्धि का आधार हैं।

इन्हें सशक्त और समृद्ध कर
अपने पंचायत के नवनिर्माण के स्वप्न को
साकार करने के लिए मैं कटिबद्ध हूं।

इस ध्येय की प्राप्ति के लिए अपनी
बहनों को स्वसहायता समूह के
माध्यम से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने
के लिए निरंतर कार्य कर रहा हूं।

कपिल प्रसाद केशरी
भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी

व्यवसायिक प्रशिक्षण संघ ने अपनी समस्याओं को लेकर शिक्षा मंत्री के समक्ष सौंपा ज्ञापन

अपेम लाइव : बडकागॉव
अमित मालाकार

बड़कागांव : व्यवसायिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने व्यवसायिक शिक्षा से सं. बंधित अपनी समस्याओं को लेकर शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के समक्ष ज्ञापन सौंपा। इस दौरान मंत्री जगन्नाथ महतो को शिक्षकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया एवं समस्याओं को शीघ्र दूर करने की मांग की । मंत्री जगरनाथ महतो ने उनकी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक संज्ञान में लेते हुए आश्वस्त किया व व्यवसायिक शिक्षकों के समस्याओं को जल्द से जल्द समाधान कर संबंधित विभागों से बात कर व्यवसायिक शिक्षकों की समस्याओं को जल्द निदान करने का भी आश्वासन दिया। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से व्यवसायिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता श्रवण मेहता, प्रदेश सचिव मिथिलेश कुमार पांडे, उपसचिव रा. ेजलीन स्नेहलता तिग्गा, प्रमंडलीय सचिव उर्मिला कुमारी, प्रमंडलीय उपाध्यक्ष वेरोनिका भेंगरा सहित कई अन्य उप. स्थित थे।

सच का साथी
अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

बिरनी मृतक के घर पहुचे बगोदर विधायक : विनोद कुमार सिंह

अपेम लाइवः बिरनी
सब्बा अहमद

बिरनी प्रखंड अंतर्गत बरमसिया पंचायत के टाटो गाँव के निवासी बढ़न महतो 03 फरवरी को निधन हो गया था। सोमवार को बरमसिया पंचायत के टाटो गाँव में माले जिला कमिटी सदस्य विष्णुदेव वर्मा वा शिक्षक प्रदीप वर्मा के पिता के 12श्रद्धा कर्म सूचना पाकर बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह टाटो पहुँचकर पुष्पाजंलि अर्पित किये वा श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाग लिए। बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह ने पीड़ित परिवार के घर पहुँच कर गहरा शोक व्यक्त किये।परिवार लोगो से मिले और इस दुख की घड़ी ढाढस बधाया। उक्त मौके पर बगोदर सचिव पवन महतो बिरनी सचिव वा पूर्व प्रमुख सीताराम सिंह जिला कमिटी सदस्य रामु बैठा जिला कमिटी सदस्य विष्णुदेव वर्मा अरवाइये नेता राजेश विश्कर्मा रामसहाय यादव डीलर सचिव हरिहर दास राजू वर्मा पिंकू वर्मा फागु वर्मा सुरेश वर्मा सदानंद वर्मा मंटू राय सोनू राय विजय राय प्रेमचंद वर्मा सुधीर वर्मा दिनेश वर्मा महेद्र वर्मा मथुरा महतो प्रदीप वर्मा दुलारचंद महतो मनोहर वर्मा शयम वर्मा बॉबी वर्मा सुरेन्द्र वर्मा दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

बाइक सवार ने अधेड़ को मारा टक्कर, दोनो गंभीर रूप से घायल

अपेम लाइव : गांवा
मोजाहिद अली

गावां, गिरिडीह : गांवा थाना क्षेत्र के गांवा मालडा मुख्य सड़क पर नगवा के समीप तेज रफ्तार बाइक सवार असंतुलित होकर एक वृद्ध को जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गांवा के सिरी निवासी रामू कुमार यादव पिता दशरथ प्रसाद यादव किसी काम से डोरंडा जा रहा था तभी अचानक एक वृद्ध व्यक्ति के आ जाने से असंतुलित होकर टक्कर मार दिए। वही दूसरा घायल व्यक्ति भी किसी काम से अपने निवास स्थान नगवा से किसी काम से माल्डा बाजार जा रहे थे तभी अचानक बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें दोनों घायल हो गए। तत्पश्चात् ग्रामीणों के सहयोग से 108 के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांवा लाया गया जहां डo हबीबुल्लाह खान ने प्राथ. मिक उपचार कर घर भेज दिया।

तीन मुख्य सड़कों सहित नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास कार्यक्रम सम्पन्न

अपेम लाइव :गिरीडीह
बजरंगी महतो

गिरिडीह में आज सदर विधायक सुदीव्य कुमार सोनू द्वारा डाक्टर शीला वर्मा क्लिनिक से पचम्बा चौक तक, नगर निगम चौक से लेकर बोडो तक, सीआरपीएफ कैंप से एसपी कोठी तक सड़क का जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया गया साथ ही भंडारीडीह जामा मस्जिद के पास रोड पर पानी बहने के कारण रोड पर गड्ढे बन गए थे के लिए नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक सुदीव्य कुमार सोनू ने कहा कि सड़को और नाली निर्माण कार्य में गुणवता का पुरा ध्यान रखा जायेगा किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनहित में और बहुत सारे कार्य किए जायेंगे आज चार योजनाओं का शिलान्यास किया गया है। जीर्णोद्धार कार्य के शिलान्यास होने से राहगीरों और गिरिडीह वासियों में ख़ुशी का माहौल है।

जमीन विवाद को लेकर मारपीट कर पति पत्नि को किया घायल

अपेम लाइव :गिरीडीह
प्रमोद कुमार गुप्ता

गिरिडीह/डुमरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत खुदीसार में लगभग तीन बजे जमीन विवाद को लेकर जमकर मारपीट हो गया जिसमें पति पत्नी,भ. तिजा,बुरी तरह से घायल हो गया है। जिससे काफी मात्रा में शरीर से खून का रिसाव हो गया।इस संबंध में घायल राम प्रसाद पत्नि पासो देवी ने बताया कि में अपने घर के पास बुनियादी काट रहा था ।लेकिन उसी गांव के एक दबंग ने हमलोग पर अचानक हमला कर दिया।मेरा घर के सामने जमीन को अपने दबंगई से जबरदस्ती बोले कि ऐ जमीन मेरा है और बुनियादी पर मिट्टी डालने लगा जिससे हम लोग के साथ दुलरचंद दास,नकुल दास,दशरथ दास,मोदी दास,रुपलाल दास,आदि इन लोग आकर जोरदार हथियार से मारपीट करने लगे खुन से लथपत हो गए घायलावस्था में परिजनों ने इलाजरत के लिए ,गिरिडीह ले जाया गया।इस संबंध में डुमरी थाना के एसआई जैना बालबुचु ने बताया कि घायल व्यक्ति के द्वारा मुझे आवेदन प्राप्त हुई है। कांड संख्या 25/22 के तहत मामला को दर्ज कर लिया गया है जल्द मारपीट करने वाले पर कार्रवाई की जायेगी।

चलकुशा में गुरुगोष्ठी का बैठक संपन्न

अपेम लाइवः चलकुशा
विक्रम सिंह

चलकुशा : प्रखंड मुख्यालय सभागार में बी ई ई ओ अशोक कुमार पाल की अध्यक्षता में मासिक गोरुगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के सभी विद्यालयों के प्रधान शिक्षक सह सचिवों ने भाग लिया।. गुरुगोष्ठी में मध्याहन भोजन, संचालन, स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार में सभी विद्यालयों के पंजीकरण सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा किया गया। श्री पाल के द्वारा स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार में पंजीकरण 20 फ़रवरी 22 तक तथा फाइनल सबमिशन 28 फ़रवरी 22 तक करने का निर्देश दिया गया। स्कूल ग्रांट की राशि को यथाशीघ्र नियमानुसार 31मार्च 22 तक व्यय करने के साथ– साथ नामांकित बच्चों के शत प्रतिशत बैंक खाता एवं जाति प्रमाण पत्र बनवाने का निर्देश दिया गया ।

मौके पर प्रधानाध्यापक संतोष कुमार चौधरी, महेंद्र राम, अनवर हुसैन, लक्ष्मण मिस्त्री, रामचंद्र यादव, अमित कुमार मिश्रा, राजेंद्र प्रसाद यादव अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

पुलवामा में शहीद वीर जवानों को अपेम लाइव की ओर से शत शत नमन


राठौड़ नितिन शिवाजी
प्रदीप कुमार
अश्विनी कुमार काउची
अवधेश कुमार यादव
रतन कुमार ठाकुर
वीरेंद्र सिंह
पंकज कुमार त्रिपाठी
हेमराज मीणा
रमेश यादव
मनिंदर सिंह अटरी
जयमाल सिंह
नसीर अहमद
सुखजिंदर सिंह
रोहिताश लांबा
तिलक राज
विजय सोरेंग
मनोज कुमार बेहरा
वसंत कुमार वीवी
सुब्रमण्यम जी
गुरु एच
जीत राम
अमित कुमार
विजय कुमार मौर्य
कुलविंदर सिंह
शिवचंद्रन
मनेश्वर बसुमतारी
सुदीप बिस्वास
मोहन लाल
संजय राजपूत
अजीत कुमार आजाद
प्रदीप सिंह
श्याम बाबू
कौशल कुमार रावत
नारायण लाल गुर्जर
संजय कुमार सिन्हा
राम वकील
भागीरथी सिंह
पीके साहू
अमर जवान
महेश कुमार
बब्लू संतरा

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार   सहयोगीः सोनू पंडित   एडिटरः सोनू पंडित   मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार